www.PapaCambridge.com

# HINDI AS A SECOND LANGUAGE

**Paper 0549/01**
**Reading and Writing**

## General comments

This was the first year of examination for IGCSE Hindi as a Second Language and candidates generally performed very well on the Reading and Writing paper.

Candidates seemed to have clearly understood the requirements of each exercise but were generally more at ease answering short-answer questions based on passages as opposed to the summary and continuous prose questions.

In **Exercise 2**, where candidates were required to fill out a form based on the information provided, many appeared to be unfamiliar with Sanskritised Hindi terminology.

The answers in **Exercise 3** showed that candidates were comfortable with the everyday Hindi used in the passage and they did not have much difficulty in locating the correct information.

Not all candidates adhered to the word limit specified in **Exercises 4** and **6**.

## Comments on specific questions

### *Section 1*

**Exercise 1, Questions 1 – 6**

The passage talked about the different kinds of products that are produced in a natural environment without the use of any pesticides. Most of the candidates performed quite well in this exercise.

The majority of candidates answered **Questions 1**, **2** and **3** correctly. Some did not understand **Question 4** and one reason for this could be that candidates did not know the Hindi word for 'symbolic'. Some candidates answered **Question 5** incorrectly: instead of writing 'cotton' quite a few mentioned food products. Most candidates answered **Question 6** correctly. The variety of expressions used shows that they had a good understanding of the passage.

**Exercise 2, Question 7**

This exercise did not cause any difficulties and most candidates managed to identify the information needed to fill out the form. However, a few candidates showed that they were unfamiliar with the Hindi term for 'telephone'. The reason for this could be that, while this word is commonly used in official documents and application forms in India, it is not common in everyday speech.

**Exercise 3, Questions 8 – 11**

The passage in this exercise was in the form of an interview. The type of language and vocabulary used had a clear communicative purpose. Almost all candidates answered all four questions correctly.

The passage used the word 'family' in a symbolic sense and most candidates understood the meaning from its context and answered **Question 8** correctly. A few candidates, however, responded by stating the actual number of people who were members of the narrator's family rather than the number of employees.

Most candidates answered **Questions 9** and **10** correctly. The majority also answered **Question 11** correctly, but some did not mention 'Amby Valley' specifically.

www.PapaCambridge.com

**Exercise 4, Question 12**

Many candidates were unable to write a satisfactory summary of the passage. Often they j sentences from the passage and did not use their own words. Candidates were not expected to co with original ideas or information and the main purpose of this exercise was to test their writing sk However, very few candidates managed to strike a balance between the facts given in the text and the use of their own expressions for summarising these facts in a structured and coherent manner.

***Section 2***

**Exercise 5, Questions 13 – 19**

This passage was the most challenging on the question paper and very few students were able to answer all the questions correctly.

In **Questions 13 – 17** candidates were asked to indicate whether the statements were true or false and were also required to correct a statement which they thought was false based on the information in the passage.

Many candidates answered **Question 18** correctly. In **Question 19** many candidates' responses were too general and they did not include the region's name.

**Exercise 6**

This exercise required candidates to write a letter to their school principal about the recent ban on mobile phones in schools. Most candidates attempted this question giving a variety of reasons as to why they were for or against the ban (most were against it). The majority of candidates responded well to the task and made relevant points. While candidates' responses included a variety of language, their style of writing was not always very effective. Although candidates were able to communicate their ideas, many of them lacked the ability to build up and articulate a cohesive argument either in favour of or against the issue.

www.PapaCambridge.com

# दूसरी भाषा के रूप में हिंदी

**Paper 0549/01**
**पढ़ना और लिखना**

<u>सामान्य समीक्षा</u>

आई.जी.सी.एस.ई. के लिए यह पहला वर्ष था कि दूसरी भाषा के रूप में हिंदी की परीक्षा संचलित की गई। सामान्य तौर पर परीक्षार्थियों ने पढ़ने और लिखने में कुशलतापूर्वक भूमिका निभाई।
यद्यपि परीक्षार्थी अभ्यास संबंधी ज़रूरतों के प्रति स्पष्ट नज़र आए किन्तु अधिकांश विद्यार्थी सारांश और विस्तृत गद्य के उत्तरों की अपेक्षा छोटे जवाबों को लिखने में अधिक सहज नज़र आए।

**अभ्यास** 2 में विद्यार्थियों को दी गई जानकारी के अनुसार आवेदन पत्र भरना था, वहाँ पर कई विद्यार्थी संस्कृतनिष्ठ शब्दावली से अपरिचित दिखाई दिए।

**अभ्यास** 3 के जवाबों को देखकर लगा कि परीक्षार्थियों के लिए बोलचाल की हिंदी समझना ज़्यादा सहज है और जवाब संबंधी जानकारी ढूँढना ज़्यादा आसान है।

**अभ्यास** 4 और 6 में ऐसा नहीं हुआ कि सभी छात्र शब्द सीमा के भीतर रहकर उत्तर लिख पाए हों।

<u>प्रश्न विशिष्ट टिपप्णी</u>

**खंड 1**

**अभ्यास 1, प्रश्न 1-6**

यह पाठांश बिना रासायनिक पदार्थों और प्राकृतिक वातावरण में उगाए जाने वाले पदार्थों से संबंधित था। अधिकांश परीक्षार्थियों ने इस अभ्यास के जवाब में कुशलतापूर्वक उत्तर लिखे।
ज़्यादात्तर परीक्षार्थियों ने प्रश्न 1, 2 और 3 सही किया। कुछ विद्यार्थी **प्रश्न** 4 नहीं कर पाए जिसका कारण था कि वह हिंदी शब्द 'प्रतीक' का अर्थ नहीं जानते थे। कुछ विद्यार्थियों ने **प्रश्न** 5 ग़लत किया, सिर्फ़ कपास लिखने की बजाय अन्य खाद्य वस्तुओं के नाम भी लिख दिए। अधिकांश ने **प्रश्न** 6 का जवाब ठीक लिखा। उत्तर लिखने की विभिन्नता ने दर्शाया कि छात्रों को पाठांश के बारे में जानकारी बिलकुल स्पष्ट है।

**अभ्यास 2, प्रश्न** *7*

इस अभ्यास को करने में परीक्षार्थियों को किसी विशेष कठिनाई का सामना नहीं करना ।
अधिकांश विद्यार्थी आवेदन पत्र संबंधी उचित जानकारी भरने में समर्थ दिखाई पड़े। यद्यपि कुछेक विद्यार्थी टेलिफोन के लिए इस्तेमाल होने वाले शब्द से अपरिचित दिखाई पड़े। इसका कारण यह हो

www.PapaCambridge.com

सकता है कि यह शब्द आमतौर पर सरकारी काग़ज़ों और आवेदन पत्रों में बहुत इस्तेमाल होता है लेकिन आम बोलचाल की भाषा में ज़्यादा प्रयोग नहीं होता।

**अभ्यास 3, प्रश्न 8-11**

यह पाठांश एक साक्षात्कार के रूप में लिखा गया था। पाठांश की भाषा और शब्दावली आम बोलचाल की थी। लगभग सभी विद्यार्थियों ने सभी चारों प्रश्नों का सही जवाब लिखा।

पाठांश में 'परिवार' शब्द का प्रयोग प्रतीकात्मक रूप में किया गया था उसके बावजूद परीक्षार्थी **प्रश्न** 8 का जवाब देने में समर्थ रहे। कुछेक ने वास्तव में उनके निजी परिवार के सदस्यों की संख्या को ही लिखा।

अधिकांश विद्यार्थियों ने **प्रश्न** 9 और 10 का सही जवाब लिखा। ज़्यादात्तर ने **प्रश्न** 11 का सही उत्तर दिया लेकिन कुछेक ने 'एंबी वैली' नहीं लिखा।

**अभ्यास 4, प्रश्न** 12

कई विद्यार्थियों ने सारांश संतोषजनक नहीं लिखा। अक़्सर विद्यार्थियों ने पाठांश से वाक्य उठाकर लिख दिए और अपनी भाषा का प्रयोग नहीं किया। परीक्षार्थियों को किसी तरह की नई जानकारी या विचारों को नहीं जोड़ना था बल्कि अभ्यास का उद्येश्य लिखित कुशलता को जाचँना था। बहुत कम विद्यार्थी ऐसे थे जो पाठांश में दिए गए तथ्यों और अपनी अभिव्यक्ति को मिलाकर एक योजनाबद्ध ढ़ंग से और व्यवस्थित रूप में सारांश लिख पाए हों।

**खंड** 2

**अभ्यास 5, प्रश्न** 13-19

पूरे परीक्षा-पत्र में यह पाठांश सबसे चुनौती पूर्ण था और बहुत कम विद्यार्थी सभी प्रश्नों का सही उत्तर दे पाए।

**प्रश्न** 13 -17 में परीक्षार्थियों को बताना था कि वाक्य ग़लत है या सही। इसप्रकार के अभ्यास में परीक्षार्थी को ऐसे प्रश्न का सही वाक्य भी लिखना पड़ता है जिसका उत्तर ग़लत होता है। यह वाक्य पाठांश के आधार पर देना होता है। अधिकांश विद्यार्थी प्रश्न 13 और 14 ठीक से कर पाए लेकिन प्रश्न 15 और 16 का जवाब बहुत कम विद्यार्थी दे पाए।

बहुत से परीक्षार्थियों ने **प्रश्न** 18 का जवाब सही दिया लेकिन कई परीक्षार्थी **प्रश्न** 19 के उत्तर में क्षेत्रों के नाम न लिखकर सामान्य रूप से क्षेत्र का विवरण दिया।

**अभ्यास** 6

इस अभ्यास में परीक्षार्थियों को स्कूल में मोबाईल फोन पर लगाए गए प्रतिबंध पर प्रधानाचार्य को पत्र लिखना था। अधिकांश परीक्षार्थियों ने जवाब स्वरूप अलग अलग तरह के कारण दिए और बताया कि क्यों वह प्रतिबंध (अधिकांश ने प्रतिबंध के विरूद्ध लिखा) के खिलाफ हैं। ज़्यादात्तर विद्यार्थियों ने कुशलता से जवाब दिए और सार्थक पहलूओं को उठाया। यद्यपि परीक्षार्थी विचारों को लिखने में सक्षम नज़र आए लेकिन इनमें से कईयों को व्यवस्थित और तर्कसंगत ढ़ंग से जवाब लिखने के कौशल की कमी भी नज़र आई।

www.PapaCambridge.com

# HINDI AS A SECOND LANGUAGE

**Paper 0549/02**

**Listening**

## General comments

Candidates had been well prepared for the examination and responded well to the recorded material. The paper was assessed for 'listening for understanding' and therefore spelling and grammatical errors were tolerated as the meaning was clear, and provided another word was not formed which changed the meaning of the answer.

There were very few blank responses and candidates had clearly made an effort to attempt to answer all questions. On the whole, candidates performed very well.

## Comments on specific questions

**Exercise 1: Questions 1-6**

The majority of candidates did very well in this section. However, most candidates did not answer **Question 5** in full. The answer was, 'In Sabermati's booklet there were pictures of historical characters and details of important parts of the ashram'.

**Exercise 2: Questions 7-11**

**Questions 8**, **9** and **10** were answered very well by the majority of candidates but a few did not perform well in the second part of **Question 7**, and in **Question 11**.

**Question 7** – 'When did she start playing tennis as a professional player?'
Answer: 'At the age of seventeen' but some candidates wrote 'seventeen years ago'.

**Question 11** – 'What are the similarities and differences between Sania Mirza and Maria Sharapova?'
Most of the candidates stated the similarities correctly but could not state the differences clearly and therefore lost marks.

**Exercise 3: Questions 12-17 and Exercise 4: Questions 18-23**

The majority of candidates performed well in these sections and many achieved full marks.

# दूसरी भाषा के रूप में हिंदी

www.PapaCambridge.com

**Paper 0549/02**

**सुनना**

<u>सामान्य समीक्षा</u>

विद्यार्थी परीक्षा के लिए बखूबी तैयार दिखाई दिए और सुनने की सामग्री के प्रति कुशलता से जवाब दिए। परीक्षा में मूल्यांकन 'सुनकर समझने' द्वारा निर्धारित होने के कारण अक्षर और व्याकरण संबंधी गलतियों को ध्यान नहीं दिया गया बशर्ते कि अर्थ स्पष्ट समझ आए और कोई दूसरा शब्द न जोड़ा गया हो जिससे सही जवाब का अर्थ बदल गया हो।

परीक्षार्थियों द्वारा सही उत्तर देने के स्पष्ट प्रयास दिखाई दिए और बहुत कम परीक्षार्थी थे जिन्होंने जवाब लिखने का स्थान खाली छोड़ा था।

<u>प्रश्न विशिष्ट टिपण्णी</u>

**अभ्यास 1, प्रश्न 1 – 6**

अधिकांश परीक्षार्थियों ने इस भाग में कुशलता पूर्वक उत्तर दिए। यद्यपि अधिकांश ने प्रश्न 5 का जवाब पूरा नहीं दिया। जवाब था कि 'साबरमती पुस्तिका में ऐतिहासिक चरित्रों की तस्वीरों और आश्रम के विशेष हिस्सों की जानकारी थी'।

**अभ्यास 2, प्रश्न 7 – 11**

अधिकांश छात्रों द्वारा प्रश्न 8, 9 और 10 का उत्तर सही दिया गया लेकिन कुछेक ने प्रश्न 7, और प्रश्न 11 के दूसरे भाग का उत्तर ठीक नहीं दिया।

**प्रश्न 7 – उन्होंने पेशेवर टेनिस खिलाड़ी के रूप में कब से टेनिस खेलना शुरू किया?**

उत्तर था, 17 साल की उम्र से, लेकिन कुछ परीक्षार्थियों ने जवाब दिया 17 साल पहले से

**प्रश्न 11 – सानिया मिर्ज़ा और मारिया शरापोवा के बीच क्या समानताएँ और विभिन्नताएँ हैं**

अधिकांश परीक्षार्थियों ने समानताएँ लिखीं लेकिन विभिन्नताएँ नहीं लिख पाए और इसलिए पूरे अंक नहीं मिले।

**अभ्यास 3, प्रश्न 12-17 और अभ्यास 4, प्रश्न 18-23**

इस भाग में अधिकांश परीक्षार्थियों ने कुशलता पूर्वक उत्तर दिए और कई विद्यार्थियों ने पूरे अंक प्राप्त किए।